Certified ISO 9001: 2015

**रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन**
**भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय**
**नौसेना भौतिक तथा समुद्रविज्ञान प्रयोगशाला**
**तृक्काक्करा पी.ओ., कोच्चि, केरल – 682 021**

**विज्ञापन सं.. NPOL/JRF/01/2026**

**" हर काम देश के नाम "**

**विज्ञापन सं. NPOL/JRF/01/2026**
**कनिष्ठ शोध अध्येता (जे आर एफ)**
**पदों के लिए चयन**

प्रयोगशाला में कनिष्ठ शोध अध्येता के वर्तमान में रिक्त पदों तथा प्रत्याशित रिक्त पदों हेतु निम्नलिखित विषय/शिक्षण में अपेक्षित योग्यतायुक्त अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र. सं. | अध्येतावृत्ति के प्रकार | विषय/शिक्षण | रिक्तियों की संख्या | आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं | वॉक-इन साक्षात्कार की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **कनिष्ठ शोध अध्येता** | कंप्यूटर साइंस एवं इंजिनियरिंग | प्रत्याशित | वैध **गेट** योग्यता सहित कंप्यूटर साइंस में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक* और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर कंप्यूटर साइंस में एम.ई./ एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। | **10.10.2026 (शनिवार) 0930 बजे** |
| **2.** | | मिकैनिकल इंजिनियरिंग | 04 | वैध **गेट** योग्यता सहित मिकैनिकल इंजिनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर मिकैनिकल इंजिनियरिंग में एम.ई./एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। | |
| **3.** | | केमिकल इंजिनीयिंग/रबड़ टेक्नोलजी/पॉलिमर टेक्नोलजी/नैनो टेक्नोलजी/ मेटीरियल साइंस | प्रत्याशित | वैध **गेट** योग्यता सहित केमिकल इंजिनीयिंग/रबड़ टेक्नोलजी/पॉलिमर टेक्नोलजी/नैनो टेक्नोलजी/ मेटीरियल साइंस में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक* और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर केमिकल इंजिनीयिंग/रबड़ टेक्नोलजी/पॉलिमर टेक्नोलजी/नैनो टेक्नोलजी/ मेटीरियल साइंस में एम.ई./ एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो | |
| **4.** | | ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स | प्रत्याशित | वैध **गेट** योग्यता सहित ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्सस में एम.ई./ एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जितकी हो<br>या<br>वैध गेट योग्यता सहित इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक (फाइबर ऑप्टिक्स/ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स/लेजर टेक्नोलॉजीज पर कम से कम एक पेपर के साथ) प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। | |
| **5.** | | इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग /इन्स्ट्रुमेंटेशन इंजिनीयरिंग | प्रत्याशित | वैध **गेट** योग्यता सहित इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग/इन्स्ट्रुमेंटेशन इंजिनीयरिंग में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक* और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग/इन्स्ट्रुमेंटेशन इंजिनीयरिंग में एम.ई./एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। | |

Contd….2/

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **6.** | **कनिष्ठ शोध अध्येता** | भौतिक विज्ञान | प्रत्याशित | वैध **नेट/गेट** योग्यता सहित विषय/शिक्षण से संबंधित बुनियादी विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। | |
| **7.** | | ऑशियानोग्राफी/ समुद्र प्रौद्योगिकी/मौसम विज्ञान | प्रत्याशित | वैध **नेट/गेट** योग्यता सहित विषय/शिक्षण से संबंधित बुनियादी विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक* और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर ऑशियानोग्राफी/ समुद्र प्रौद्योगिकी/मौसम विज्ञान में एम.ई./ एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो | |

(*) बी.एस सी/ बी.टेक।

**नोटः**

- आवश्यक शैक्षिक योग्यता के समकक्ष स्वीकार्य विषय/शिक्षण आर ए सी, डी आर डी ओ के मानदंडों के अनुसार होंगे।
- उपर्युक्त उद्देश्य हेतु, **नेट** में केंद्र सरकार के विभागों/अभिकरणों द्वारा प्रदत्त अन्य प्रासंगिक राष्ट्रीय स्तर की अध्येतावृत्ति भी शामिल होगी।
- निर्धारित शैक्षिक योग्यता की, प्रयोगशाला के संबंध में प्रासंगिकता और समतुल्यता के विषय में निदेशक, एन पी ओ एल का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**सामान्य शर्तें:**

- **केवल उपर्युक्त योग्यता रखनेवाले अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं।** विदेशी विश्वविद्यालयों से आवश्यक योग्यता डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को 'भारतीय विश्वविद्यालय संघ, दिल्ली' से समतुल्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहिए और उसे प्रस्तुत करना चाहिए। आवेदक द्वारा अर्जित सभी शैक्षिक योग्यताएं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या संस्थानों से होनी चाहिए। **नेट/गेट योग्यताएं जहाँ भी निर्धारित हों, वॉक-इन साक्षात्कार की तारीख तक मान्य होनी चाहिए।** सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों/ स्वायत्त निकायों में कार्यरत अभ्यर्थियों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए।

- **अधिकतम आयु सीमा**: **वॉक-इन साक्षात्कार की तिथि को अधिकतम आयु 28 वर्ष** होनी चाहिए। भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

- **आवेदन कैसे करें**: इच्छुक अभ्यर्थी उपरिलिखित तिथि और समय पर नौसेना भौतिक तथा समुद्रविज्ञान प्रयोगशाला, तृक्काक्करा पी.ओ., कोच्चि 682 021 के परिसर में स्थित भवन्स वरुणा विद्यालय में सीधे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार के समय पर उन्हें सभी प्रमाण पत्र/प्रशंसा पत्र/जाति प्रमाण पत्र/वैध **गेट/नेट /अंक तालिका** का **मूल प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अपने प्रमाणपत्रों/प्रशंसापत्रों के स्व-अभिप्रमाणित प्रतियों के एक सेट और **पहचान पत्र (मतदान पहचान पत्र/आधार कार्ड/ पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस)** के साथ **पासपोर्ट आकार के नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ** भी लाना होगा।

- वॉक-इन साक्षात्कार के लिए प्रत्याशित अभ्यर्थी आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था के लिए एक पेज का अपना बायो-डाटा hrd.npol@gov.in पर ई-मेल कर सकते हैं।

- उपलब्ध रिक्तियों और भविष्य की रिक्तियों के लिए एक पैनल का गठन किया जाएगा और यह पैनल **एक वर्ष** की अवधि के लिए लागू होगा। हालांकि, केवल पैनल में शामिल होने से कोई भी अभ्यर्थी अध्येतावृत्ति के हकदार नहीं बनेंगे, जो कि वर्ष के दौरान रिक्तियों के घटित होने पर निर्भर है। यदि योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं तो निदेशक, एन पी ओ एल, के पास किसी भी अभ्यर्थी का चयन न करने का अधिकार सुरक्षित है।

- अध्येतावृत्ति का कार्यकाल दो वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए होगा (नियमों के अनुसार विस्तार/उन्नयन हो सकता है) और मासिक परिलब्धियां रु. 37000/- एवं मकान किराया भत्ता प्रदान किया जाएगा, जैसा कि नियमों के तहत स्वीकार्य है।

- इस विज्ञापन द्वारा अधिसूचित चयन प्रक्रिया से संबंधित कोई भी अतिरिक्त सूचना/संशोधन का अपडेट डी आर डी ओ की वेबसाइट (**www.drdo.gov.in**) में ही किया जाएगा। प्रत्याशी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक नियमित रूप से वेबसाइट की जाँच करें।

- इस विज्ञापन का हिंदी संस्करण डीआरडीओ की वेबसाइट (www.drdo.gov.in) पर अपलोड किया गया है। इस विज्ञापन के हिंदी संस्करण के किसी खंड की विवेचना के फलस्वरूप किसी प्रकार की अस्पष्टता/ विवाद की स्थिति में अंग्रेज़ी संस्करण में प्रकाशित विस्तृत अनुदेशों को अंतिम माना जाएगा।

- **यह ध्यान देने योग्य है कि अध्येतावृत्ति की पेशकश डी आर डी ओ में समावेश के लिए अध्येता को कोई अधिकार नहीं देता है।**

**निदेशक**
**एन पी ओ एल, कोच्चि**